# कुमायूँ विश्वविद्यालय, नैनीताल के वित्तीय वर्ष 2026–27 के प्रयोगार्थ स्टेशनरी लेखन सामग्री को दर संविदा के आधार पर कय किये जाने हेतु ई–निविदा

कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल की वित्तीय वर्ष 2026–27 की स्टेशनरी लेखन सामग्री (जो संलग्नक–1 में वर्णित है) दर संविदा (Rate Contract) के आधार पर कय किये जाने हेतु उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली 2025 के अनुसार दो निविदा प्रणाली के तहत दिनांक 19.02.2026 से दिनांक 13.03.2026 तक उत्तराखण्ड राज्य के Public Procurement Portal www.uktenders.gov.in में ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 13.03.2026 को प्रातः 11:30 बजे उपस्थित निविदादाओं के सम्मुख विश्वविद्यालय की गठित कय समिति द्वारा खोला जायेगा। किसी कारणवश निविदा खुलने की तिथि को अवकाश घोषित होने पर उक्त निविदा उसके अगले कार्य दिवस को खोली जायेगी। ई–निविदा सूचना निम्न प्रकार है–

| क.स. | ई–निविदा विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1– | ई–निविदा प्रपत्र की निविदा वैबसाइड पर उपलब्धता की तिथि | दिनांक 19.02.2026 | 5.00 बजे अपरान्ह् |
| 2– | ई–निविदा तकनीकी / वित्तीय बिड अपलोड करने की प्रारम्भिक तिथि | दिनांक 26.02.2026 | 5.30 बजे अपरान्ह् |
| 3– | ई–निविदा तकनीकी बिड अपलोड करने की अन्तिम तिथि | दिनांक 13.03.2026 | 11.00 बजे पूर्वान्ह् |
| 4– | ई–निविदा वित्तीय बिड अपलोड करने की अन्तिम तिथि | दिनांक 13.03.2026 | 11.00 बजे पूर्वान्ह् |
| 5– | निविदा की तकनीकी बिड खोले जाने की तिथि | दिनांक 13.03.2026 | 11.30 बजे पूर्वान्ह् |
| 6– | ई–निविदा की वित्तीय बिड खोले जाने की तिथि | तकनीकी निविदा के पूर्ण होने के उपरान्त | निविदादाताओं को पोर्टल एवं विश्वविद्यालय की वेबसाईड के माध्यम से निर्धारित तिथि से सूचित किया जायेगा। |
| 7– | प्री– बिड मिटिंग की तिथि | दिनांक 25.02.2026 | 11.00 बजे पूर्वान्ह् से |

उक्त निविदाऐं दिनांक 13.03.2026 के समय 11.00 बजे पूर्वान्ह् तक पोर्टल में अपलोड की जा सकती है। इस प्रणाली के अन्तर्गत निविदादाता द्वारा निविदायें सम्बन्धित पोर्टल में दो भागों में अपलोड की जायेगी। सर्वप्रथम तकनीकी निविदा तत्पश्चात वित्तीय निविदा सम्बन्धित पोर्टल में अपलोड करनी होगी। निविदादाता को तकनीकी एवं वित्तीय दोनों निविदायें दिनांक 13.03.2026 के पूर्वान्ह् 11.00 बजे तक उक्त पोर्टल में अनिवार्य रूप में अपलोड करनी होगी। निविदादाता को तकनीकी निविदा पृष्ठ संख्या–02 से 03 में अंकित तकनीकी निविदा की शर्तों के अनुसार ऑनलाईन एवं ऑफलाईन माध्यम से प्रस्तुत करनी होगी। निविदादाता को पृष्ठ संख्या 04 में अंकित शर्तों के अनुसार वित्तीय निविदा केवल ऑनलाईन माध्यम से उक्त पोर्टल में अपलोड करनी होगी। निविदा प्रपत्र का शुल्क रू0 2,500=00 (रूपये दो हजार हजार))+18 प्रतिशत जी0एस0टी0 निर्धारित है, जो अप्रतिदेय (Non Refundable) होगा। निविदा प्रपत्र का निर्धारित शुल्क वित्त नियन्त्रक, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल के पद नाम से बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो नैनीताल स्थित किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक के नाम से देय हो, के माध्यम से विश्वविद्यालय में जमा करना होगा या विश्वविद्यालय के कैश काउन्टर में जमा करना होगा। शुल्क जमा करने के उपरान्त विश्वविद्यालय की वैबसाइड www.kunainital.ac.in से निविदा प्रपत्र डाउनलोड कर सकते हैं। शुल्क जमा के साक्ष्य के रूप में बैंक ड्राफ्ट या विश्वविद्यालय के कैश काउण्टर की जमा रसीद की प्रति तकनीकी निविदा के साथ पोर्टल में अपलोड करनी होगी तथा मूल प्रति तकनीकी निविदा के लिफाफे में निविदा के साथ संलग्न कर इस कार्यालय में जमा करनी होगी जिन निविदाताओं द्वारा तकनीकी निविदा के साथ शुल्क की मूल प्रति उपलब्ध नहीं करायी जायेगी उनकी निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा ।

# तकनीकी निविदा की शर्ते–

तकनीकी निविदा की निम्नलिखित शर्तों के क्र0सं0–01 से 15 में वर्णित अभिलेख उक्त पोर्टल में तकनीकी बिड में ऑनलाईन अपलोड करना होगा। तकनीकी निविदा की शर्तों के क्र0सं0–04, 05, 07, 10, 11 में वर्णित अभिलेखों को ऑनलाईन तकनीकी बिड में अपलोड करना होगा तथा इनकी मूल प्रति ऑफलाईन माध्यम से विश्वविद्यालय को उपलब्ध करानी होगी। तकनीकी निविदा की शर्त के क्र0सं0–04, 05, 07, 10, 11 में वर्णित अभिलेखों को एक लिफाफे में रखकर तकनीकी निविदा का मुहरबन्द लिफाफा दिनांक 13.03.2026 को प्रातः 11.00 बजे तक कार्यालय कुलसचिव, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल में जमा करना होगा। डाक से तकनीकी निविदा प्रेषित करने वाले निविदादाता निविदा इस प्रकार प्रेषित करे कि वह दिनांक 13.03.2026 के 11.00 बजे पूर्वान्ह तक कुलसचिव कार्यालय, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल के कार्यालय में प्राप्त हो जाये। लिफाफे के बाहर " कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल की वित्तीय वर्ष 2026–27 की लेखन सामग्री, कम्प्यूटर प्रिन्टर कार्टेज एवं फोटोस्टेट टोनर" लिखना अनिवार्य होगा।

01– स्थायी आयकर खाता संख्या (PAN) कार्ड की प्रति निर्धारित पोर्टल में तकनीकी बिड में अपलोड करनी आवश्यक होगी।

02– GST के पंजीकरण संख्या की प्रति निर्धारित पोर्टल में तकनीकी बिड में अपलोड करनी आवश्यक होगी।

03– निविदादाता के 03 Assessment year 2023–24, 2024–2025, 2025–26 के आयकर रिटर्न की प्रति निर्धारित पोर्टल में तकनीकी बिड में अपलोड करनी आवश्यक होगी।

04– निविदा प्रपत्र के शुल्क की रसीद/ड्राफ्ट तकनीकी बिड में अपलोड करना आवश्यक होगा तथा उसकी मूल प्रति तकनीकी लिफाफे में रखकर विश्वविद्यालय को उपलब्ध करानी होगी।

05– धरोहर की धनराशि रू0 64,521=00 (रूपये चौसठ हजार पॉच सौ इक्कीस) निर्धारित है। निविदादाता से निर्धारित धरोहर धनराशि सावधि जमा रसीद, बैंक गारन्टी के रूप में स्वीकार की जायेगी, जो वित्त नियन्त्रक, कुमायूँ विश्वविद्यालय, नैनीताल के पदनाम से बन्धक होना चाहिए तथा जो किसी वाणिज्यिक बैंक से निर्गत हो तथा शाखा नैनीताल में देय होनी चाहिए। धरोहर राशि जिस रूप में हो, निर्धारित पोर्टल में तकनीकी बिड में अपलोड की जायेगी तथा उसकी मूल प्रति तकनीकी लिफाफे में रखकर विश्वविद्यालय को उपलब्ध करानी होगी। धरोहर राशि निविदा की तिथि के पश्चात् कम से कम 03 (तीन) माह के लिये वैध होनी चाहिए। सफल निविदादाताओं की धरोहर राशि विश्वविद्यालय में जमा रहेगी, एक बार प्रस्तुत की गयी निविदा को वापस लेने अथवा सफल निविदादाता द्वारा निर्धारित अवधि तक आवश्यक अनुबन्ध निष्पादित न करने पर धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।

06– निविदादाता को केन्द्र सरकार, उत्तराखण्ड राज्य सरकार के मंत्रालयों/विभागों या इनसे सम्बद्ध अधीनस्थ कार्यालयों, सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों, स्वायत्त निकायों में 03 वर्षो में स्टेशनरी लेखन सामग्री आपूर्ति किये जाने का अनुभव होना चाहिए। सामग्री आपूर्ति किये जाने के साक्ष्य के रूप में कार्यादेश की प्रति निर्धारित पोर्टल में तकनीकी बिड में अपलोड करनी आवश्यक है।

07– निविदादाता को निम्नलिखित तथ्यों का रू0 100=00 (रूपये एक सौ) के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित शपथ पत्र देना होगा –

क– निविदा में दर्शायी गई समस्त सूचनाएँ प्रत्येक दशा में सत्य हैं और ऐसी कोई सूचना, जो देना आवश्यक है, छिपाई नहीं गयी है। यदि कोई सूचना छिपाई जाती है तो विश्वविद्यालय द्वारा जो भी विधिक कार्यवाही की जायेगी वह निविदादाता को मान्य होगी।

ख– किसी भी सरकारी विभाग/राज्य सरकार/ सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों/स्वायत्त निकायों में किसी भी प्रकार का विधिक वाद गतिमान नहीं है और न ही प्रस्तावित है।

ग– फर्म को विगत 05 वर्षो में किसी भी राजकीय कार्यालय, सार्वजनिक क्षेत्र की इकाई, स्वायत्त निकायों द्वारा न ही काली सूची में दर्ज किया गया है और न ही उसकी सुरक्षा धनराशि को जब्त की गयी है।

08– निविदादाता का वित्तीय वर्ष 2022–23, 2023–24, 2024–25 में रू0 16 लाख (रूपये सोलह लाख) का वार्षिक औसत टर्न ओवर अनिवार्य रूप से होना चाहिए। टर्न ओवर के विवरण की किसी रजिस्टर्ड चाटर्ड एकाउन्टेंट द्वारा प्रमाणित प्रति निर्धारित पोर्टल में तकनीकी बिड में अपलोड करनी आवश्यक होगी।

09– निविदादाता को जी0एस0टी0 सम्बन्धित अदेय प्रमाण पत्र (No Due Certificate) तथा समस्त जी0एस0टी0 सम्बन्धित रिटर्न (Return) जमा होने सम्बन्धी सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र पोर्टल में अपलोड करना होगा। निविदादाता उत्तराखण्ड राज्य में पंजीकृत होने की दशा में सन्दर्भित प्रमाण पत्र उस राज्य क्षेत्राधिकारी कर प्राधिकारी द्वारा जारी होना चाहिए जहॉ आपूर्तिकर्ता पंजीकृत है। आपूर्तिकर्ता के केन्द्रीय क्षेत्राधिकार के अधीन होने पर सन्दर्भित प्रमाण पत्र ऐसे राज्य क्षेत्राधिकार कर अधिकारी द्वारा जारी होना चाहिए जिसके भौगोलिक सीमाओं के अन्तर्गत उक्त केन्द्रीय कर प्रशासित आपूर्तिकर्ता अवस्थित है। उत्तराखण्ड राज्य के बाहर किसी अन्य राज्य में पंजीकृत होने की दशा में सन्दर्भित प्रमाण पत्र उस क्षेत्राधिकार कर प्राधिकारी द्वारा जारी होना चाहिए जहॉ आपूर्तिकर्ता पंजीकृत है। अदेय प्रमाण पत्र निविदा प्रकाशित होने की तिथि से बाद की तिथि का निर्गत होना चाहिए।

10– निविदादाता को रू0 100=00 (रूपये एक सौ) के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित शपथ पत्र देना होगा कि– "निविदा उसके पक्ष में स्वीकृत होने पर वह फोटोस्टेट मशीनों एवं कम्प्यूटर प्रिन्टरों के लिये निविदा में अंकित ब्राण्ड की मूल निर्माता कम्पनी द्वारा निर्मित एवं गुणवत्तायुक्त कार्टेज, टोनर, ड्रम ही विश्वविद्यालय को आपूर्ति करेगा। यदि उक्त कार्टेज, टोनर, ड्रम मूल निर्माता कम्पनी के ब्राण्ड के अतिरिक्त अन्य ब्राण्ड की एवं गुणवत्ताहीन पाई जायेगी तो मेरी कार्यपूर्ति धनराशि विश्वविद्यालय द्वारा जब्त करने की दशा में उसकी पूर्ण जिम्मेदारी मेरी होगी।" सम्बन्धित शपथ पत्र को तकनीकी निविदा में पोर्टल में अपलोड करना होगा तथा मूल शपथ पत्र तकनीकी लिफाफे में रखकर विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराना होगा।

11– निविदादाता द्वारा निविदा फार्म पूर्ण रूप से भरकर पोर्टल में अपलोड करना होगा।

12– निविदादाता को निविदा के प्रत्येक पृष्ठ पर फर्म की मुहर एवं हस्ताक्षर कर पोर्टल में अपलोड करना होगा।

13– निविदादाता द्वारा Compatible कम्प्यूटर प्रिन्टर कार्टेज जिस कम्पनी की उपलब्ध करायी जायेगी उसका विवरण संलग्नक–2 में अंकित कर पोर्टल में तकनीकी बिड में अपलोड करना होगा।

14– निविदादाता को संलग्नक–3 के अनुसार चैक लिस्ट भरकर पोर्टल में अपलोड करनी होगी।

15– बिन्दु संख्या–07 एवं 10 में वर्णित शपथ पत्र पृथक–पृथक नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर में होने आवश्यक है। एक ही नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर में दोनों बिन्दुओं के शपथ पत्र मान्य नहीं होगें।

16– तकनीकी निविदाओं की तकनीकी मूल्यांकन का सार पोर्टल पर अपलोड किया जायेगा। तकनीकी मूल्यांकन का सार पोर्टल पर अपलोड होने के पश्चात् 02 दिनों के अन्दर निविदादाता अपना प्रत्यावेदन (Representation) साक्ष्यों सहित विश्वविद्यालय की ई–मेल **आई0डी0–registrar@kunainital.ac.in** के माध्यम से या दस्ती रूप में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित 02 दिनों के पश्चात् प्राप्त होने वाले प्रत्यावेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा तथा वित्तीय निविदाएँ खोल दी जायेगी।

17– निविदा के सम्बन्ध में किसी प्रकार स्पष्टता हेतु ई–मेल **आई0डी0–registrar@kunainital.ac.in** पर भी पत्राचार कर सकते है।

## वित्तीय निविदा की शर्ते

1– जिन निविदादाताओं की तकनीकी निविदा अर्ह होगी केवल उन्हीं की वित्तीय निविदा द्वितीय चरण में खोली जायेगी।

2– वित्तीय निविदा केवल उक्त पोर्टल में ही अपलोड की जायेगी। उक्त पोर्टल के अतिरिक्त अन्य माध्यम से दी गयी दरें स्वीकार नहीं होगी।

3– सफल निविदादाता को सामग्रियों की आपूर्ति विश्वविद्यालय के नैनीताल स्थित कार्यालय में करनी होगी। अतएव निविदा दर में सामग्रियों के परिवहन एवं हैण्डलिंग की दर एवं जी0एस0टी0 की राशि भी सम्मिलित होनी चाहिए। विश्वविद्यालय द्वारा जी0एस0टी0, परिवहन एवं हैण्डलिंग में व्यय धनराशि का पृथक से भुगतान नहीं किया जायेगा। निविदा दर रूपयों में अंकित की जाए जो शब्दों एवं अंकों में देना अनिवार्य होगा।

4– निविदा प्रत्येक सामग्री के न्यूनतम मूल्य (L-1) के आधार पर स्वीकृत की जायेगी यानि सामग्रीवार (L-1) दरें स्वीकृत की जायेगी।

5– विश्वविद्यालय में फोटोस्टेट मशीनें जिस कम्पनी की है (कम्पनी का विवरण संलग्नक–01 में उपलब्ध है) उसके टोनर एवं ड्रम भी उसी कम्पनी के क्रय किये जायेगे। अतः निविदादाता फोटोस्टेट मशीन के मूल निर्माता कम्पनी (Original Manufuctrer) के टोनर एवं ड्रम की दरें अंकित करे। डुप्लीकेट टोनर एवं ड्रम मान्य नहीं होगे। कम्प्यूटर प्रिन्टर की मूल निर्माता कम्पनी (Original Manufuctrer) की कार्टेज एवं Compatible कार्टेज की दरें BOQ Sheet में पृथक–पृथक देनी होगी।

6– निविदादाता को समस्त सामग्रियों की दर देना अनिवार्य है अन्यथा उसकी वित्तीय निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

## निविदा की अन्य शर्ते

1– निविदा की दरें अनुबन्ध किये जाने की तिथि से 31.03.2027 के लिये मान्य होगी। कार्य सन्तोषजनक होने पर अनुबन्ध विस्तारित किये जाने पर विचार किया जा सकता है।

2– निविदा स्वीकार किये जाने के उपरान्त अनुबन्ध की अन्तिम वैध तिथि तक उक्त सामग्रियों के मूल्य में वृद्धि होने पर विश्वविद्यालय उत्तरदायी नहीं होगा तथा सफल निविदादाता को स्वीकृत दरों पर ही सामग्री आपूर्ति करनी होगी।

3– सामग्रियों के बीजकों का भुगतान बजट के सापेक्ष धनराशि उपलब्ध होने पर किया जायेगा।

4– आपूर्ति आदेश के विरूद्व पूर्णरूपेण सामग्री आपूर्ति प्राप्त होने पर ही बीजक स्वीकार किया जायेगा।

5– निविदा में अंकित सामग्रियों की मात्रा अनुमानित है तथा विश्वविद्यालय की आवश्यकतानुसार ही सामग्री का आपूर्ति आदेश समय–समय पर सफल निविदादाता को दिया जायेगा। अनुमानित मात्रा घट–बढ़ सकती है।

6– न्यूनतम दर एक से अधिक फर्मों की प्राप्त होने पर कार्य का आवंटन समानुपातिक रूप से किया जायेगा, जो समस्त निविदादाताओं को मान्य होगा।

7– किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को किसी भी समय बिना किसी कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित रहेगा।

8– सम्बन्धित कार्य एवं निविदा के परिप्रेक्ष्य में यदि कोई विवाद उत्पन्न होता है तो उसे कुलपति जी के निर्णयार्थ (Arbitration) प्रस्तुत किया जायेगा और उनका निर्णय दोनों पक्षों को मान्य होगा।

9– निविदा के सम्बन्ध में किसी भी विवाद के लिये न्यायिक क्षेत्राधिकार नैनीताल होगा, अन्य किसी भी न्यायालय में विचारार्थ नहीं होगा।

10– सफल निविदादाता द्वारा विश्वविद्यालय में उपस्थित होकर विश्वविद्यालय के साथ रू0 100/–(रू0 एक सौ मात्र) के नॉन–ज्यूडीशियल स्टॉम्प पेपर में कार्य अनुबन्ध करना होगा। अनुबन्ध के समय सफल निविदादाता को अनुबन्ध राशि का 05 प्रतिशत धनराशि कार्यपूर्ति प्रतिभूति के रूप में इस विश्वविद्यालय को जमा करना होगा। सफल निविदादाता से निर्धारित कार्यपूर्ति प्रतिभूति सावधि जमा रसीद, बैंक गारन्टी के रूप में स्वीकार की जायेगी, जो वित्त नियन्त्रक, कुमायूँ विश्वविद्यालय, नैनीताल के पदनाम से बन्धक होना चाहिए तथा जो किसी वाणिज्यिक बैंक से निर्गत हो तथा शाखा नैनीताल में देय होनी चाहिए। कार्यपूर्ति प्रतिभूति धनराशि आपूर्ति हेतु निर्धारित समयावधि के पश्चात् कम से कम 60 (साठ) दिन बाद तक वैध होनी आवश्यक है।

11– सफल निविदादाता द्वारा यदि अनुबन्ध के अनुरूप कार्य सम्पादन में असमर्थता व्यक्त की जाती है तो उनकी कार्यपूर्ति धनराशि विश्वविद्यालय के पक्ष में जब्त कर ली जायेगी तथा इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।

12– सफल निविदाता द्वारा दर स्वीकृत होने के उपरान्त विद्यालय द्वारा निर्धारित दिवसों के अन्तर्गत विश्वविद्यालय के साथ अनुबन्ध करना होगा। यदि सफल निविदादाता द्वारा अनुबन्ध करने से इन्कार किया जाता है तो उसकी धरोहर की धनराशि विश्वविद्यालय के पक्ष में जब्त कर ली जायेगी तथा इस सम्बन्ध में निविदादाता का कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।

13– सशर्त रूप से दी गयी निविदा स्वीकार नहीं होगी।

14– आयकर सफल निविदादाता से शासनादेशानुसार वसूल किया जायेगा जो निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त कार्य के बिल से काटकर राजकीय पक्ष में जमा किया जायेगा।

15– सफल निविदादाता द्वारा निर्धारित समय तक सामग्री की आपूर्ति न किये जाने पर विश्वविद्यालय को अधिकार होगा कि वह कयादेश निरस्त कर दे। इस प्रकार के आदेश निरस्तीकरण के फलस्वरूप किसी प्रकार के नुकसान का उत्तरदायित्व विश्वविद्यालय का नहीं होगा।

16— सफल निविदादाता द्वारा आपूर्ति आदेश निर्गत होने के 10 दिन के अन्दर सामग्री की आपूर्ति विश्वविद्यालय को करनी आवश्यक होगी।

17— विश्वविद्यालय में आपूर्ति की जाने वाली समस्त सामाग्री, कम्प्यूटर कॉर्टेज/फोटो कॉपियर टोनरों में शिकायत आने पर फर्म को ऐसे कार्टेज/टोनरों को तुरन्त उन्हें बदला जाना होगा।

18— निर्धारित अवधि में तथा उपरोक्त विशिष्टियों के अनुरूप सामाग्री की आपूर्ति न किये जाने पर जमानत धनराशि जब्त करने के अतिरिक्त विश्वविद्यालय को आवश्यक कटौती किये जाने का अथवा आदेश निरस्त किये जाने का पूर्ण अधिकार होगा। इस सम्बन्ध में विश्वविद्यालय का निर्णय अन्तिम एवं मान्य होगा।

18— विश्वविद्यालय कम्प्यूटर प्रिन्टर की मूल निर्माता कम्पनी (Original Manufuctrer) की कार्टेज एवं Compatible कार्टेज में से आवश्यकतानुसार कोई भी कार्टेज क्रय कर सकता है।

अध्यक्ष
क्रय समिति

वित्त नियन्त्रक,
कुमायूँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।

कुलसचिव,
कुमायूँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।

**कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल**

**संख्या /सामान्य/स्टोर/सा0/~~सीईआरटी~~ 25/101 दिनांक 19 फरवरी , 2026**

प्रतिलिपि :— निम्नांकितों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1 :— निजी सचिव, कुलपति को कुलपति महोदय के सूचनार्थ प्रेषित।

2 :— वित्त नियन्त्रक, कुमायूँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।

3 :— निविदा समिति के समस्त सदस्य।

4 :— पटल सहायक, कैश काउन्टर, कुमायूँ विश्वविद्यालय, नैनीताल को इस आशय से कि वह उक्त निविदा हेतु निविदादाताओं द्वारा दिया जाने वाला शुल्क नियमानुसार जमा कर शुल्क की मूल प्रति निविदादाता को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे।

5 :— नोटिस बोर्ड में चस्पा हेतु।

**कुलसचिव,**
**कुमायूँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।**

# कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल

# KUMAUN UNIVERSITY, NAINITAL

## स्टेशनरी लेखन सामग्री की निविदा हेतु निविदा प्रपत्र

1– निविदादाता का नाम– ........................................................................................................

2– निविदादाता का पता– ........................................................................................................

3– निविदादाता की फर्म का नाम यदि कोई हो........................................................................

4– निविदादाता की फर्म का पता यदि कोई हो........................................................................

5– निविदादाता को मोबाइल नं0 ................................................................................

6– ई मेल आई0डी0 ................................................................................

| |
|---|
| निविदादाता<br>अपना फोटो<br>चिपकाएँ |

निविदादाता के हस्ताक्षर

संलग्नक - 1

| क0सं0 | सामग्री का नाम | अनुमानित मात्रा |
|---|---|---|
| 1 | सैन्चुरी कापीयर पेपर–ए4 75 जी0एस0एम0 | 1000 रिम |
| 2 | शार्ट हैण्ड नोट बुक | 50 बुक |
| 3 | फाईल फ्लैग | 50 पैकेट |
| 4 | उपस्थिति पंजिका | 50 नग |
| 5 | रजिस्टर 128 पेज | 50 नग |
| 6 | रजिस्टर 256 पेज | 50 नग |
| 7 | रजिस्टर 350 पेज | 50 नग |
| 8 | रजिस्टर 512 पेज | 50 नग |
| 9 | फाईल बोर्ड केडक सहित | 2000 नग |
| 10 | टेप बड़ा 2 इंच चौड़ा | 100 नग |
| 11 | पैकिंग टेप (बाउन) 2 इंच चौड़ा | 100 नग |
| 12 | पेंसिल कार्बन एफएस साईज | 50 पैकेट |
| 13 | A3 पेसिंल कार्बन | 50 पैकेट |
| 14 | गार्ड फाईल | 50 नग |
| 15 | आलपिन | 100 पैकेट |
| 16 | यू–क्लिप 35mm | 100 पैकेट |
| 17 | स्टैप्लर छोटा 10 न0 | 5 नग |
| 18 | स्टैप्लर बड़ा | 5 नग |
| 19 | स्टैप्लर पिन छोटी | 50 पैकेट |
| 20 | स्टैप्लर पिन बड़ी | 50 पैकेट |
| 21 | रबड़ बैण्ड बड़ा 1 किलो | 20 किलो |
| 22 | डंपर पैड (स्पंच पैड) | 50 नग |
| 23 | छेदक बड़ा | 50 नग |
| 24 | कैची बड़ी | 50 नग |
| 25 | ग्लू स्टीक बड़ा | 200 नग |
| 26 | गम पेस्ट बोतल बड़ी | 100 नग |
| 27 | स्टैम पैड | 50 नग |
| 28 | हाइलाईटर | 100 नग |
| 29 | पैसिंल एच0 बी0 | 50 पैकेट |
| 30 | शार्ट हैण्ड पैंसिल | 50 पैकेट |
| 31 | पाईलेट पैन V-5 हरी | 20 पैन |
| 32 | पाईलेट पैन V.5 नीली | 50 पैन |
| 33 | जैटर पैन नीली | 100 पैन |
| 34 | Jetsream Refill 0.45 mm line/1.0mm ball (Black) | 100 रिफिल |
| 35 | Uni Pen 0.45 mm line/1.0mm ball (Black/Green) | 50 पैन |
| 36 | स्कैच पैन नीली/काली/हरी/लाल | 500 नग |

| | | |
|---|---|---|
| 37 | परमानेन्ट मार्कर लाल/काला/नीला | 400 नग |
| 38 | कैल्कूलेटर बड़ा | 50 नग |
| 39 | स्केल 1 फीट | 25 नग |
| 40 | स्केल 2 फीट | 25 नग |
| 41 | पैन ड्राईव 32 | 25 नग |
| 42 | पैन ड्राईव 64 | 25 नग |
| 43 | पैन ड्राईव 128 | 20 नग |
| 44 | Flair Nitro Ball Pen | 100 नग |
| 45 | तोषिबा फोटो स्टेट मशीन टोनर 56/4590डी | 10 नग |
| 46 | तोषिबा फोटो स्टेट मशीन टोनर 355/4530 डी | 10 नग |
| 47 | तोषिबा फोटो स्टेट मशीन टोनर 225/2450 डी | 10 नग |
| 48 | शॉर्प फोटोस्टेट मशीन टोनर एम0 एक्स 237 ए0टी0 | 5 नग |
| 49 | शॉर्प फोटोस्टेट मशीन टोनर ए0टी0 300 | 5 नग |
| 50 | कैनन फोटो कॉपियर मशीन टोनर 2945 एन0पी0जी0 90 | 5 नग |
| 51 | Kyocera Taskalfa फोटोस्टेट मशीन टोनर 3212 आई0 | 5 नग |
| 52 | जिरोक्स फोटो मशीन टोनर versalink 7025 | 10 नग |
| 53 | जिरोक्स कलर फोटो स्टेट मशीन टोनर versalink (सी–7025) Black color | 3 नग |
| 54 | जिरोक्स कलर फोटो स्टेट मशीन टोनर versalink (सी–7025) Cyan color | 3 नग |
| 55 | जिरोक्स कलर फोटो स्टेट मशीन टोनर versalink (सी–7025) Magenta color | 3 नग |
| 56 | जिरोक्स कलर फोटो स्टेट मशीन टोनर versalink (सी–7025) Yollow color | 3 नग |
| 57 | जिरोक्स फोटो मशीन ड्रम कॉर्टेज versalink | 10 नग |
| 58 | एच0पी0 फोटोस्टेट मशीन टोनर (MFPM72625W1002YC) | 10 नग |
| 59 | कैनन फोटो स्टेट मशीन टोनर (N-59) | 10 नग |
| 60 | जिरोक्स फोटोस्टेट Work center मशीन टोनर (5225) | 5 नग |
| 61 | सैमसंग कलर फोटो स्टेट मल्टी एक्सप्रेस टोनर काटेज C9201 Black color | 3 नग |
| 62 | सैमसंग कलर फोटो स्टेट मल्टी एक्सप्रेस टोनर काटेज C9201 Cyan color | 3 नग |
| 63 | सैमसंग कलर फोटो स्टेट मल्टी एक्सप्रेस टोनर काटेज C9201 Magenta color | 3 नग |
| 64 | सैमसंग कलर फोटो स्टेट मल्टी एक्सप्रेस टोनर काटेज C9201 Yollow color | 3 नग |
| 65 | कोनिका मिलोटा इंक टोनर | 5 नग |
| 66 | एच0पी0 प्रिन्टर कार्टेज 12 ए | 100 नग |
| 67 | एच0पी0 लेजर प्रिन्टर इंक कार्टेज 4350 DTN42A | 5 नग |
| 68 | एच0पी0 लेजर प्रिन्टर कार्टेज 104 A | 5 नग |

| | | |
|---|---|---|
| 69 | एच0पी लेजर प्रिन्टर इंक कार्टेज 88 ए | 100 नग |
| 70 | एच0पी0 लेजरजेट कलर प्रिन्टर कार्टेज 3600 N, Black color | 3 नग |
| 71 | एच0पी0 लेजरजेट कलर प्रिन्टर कार्टेज 3600 N, Cyan color | 3 नग |
| 72 | एच0पी0 लेजरजेट कलर प्रिन्टर कार्टेज 3600 N, Magenta color | 3 नग |
| 73 | एच0पी0 लेजरजेट कलर प्रिन्टर कार्टेज 3600 N, Yollow color | 3 नग |
| 74 | एच0पी0 इंक प्रिन्टर कार्टेज 18 ए | 10 नग |
| 75 | एच0पी0 प्रिन्टर ड्रम 19 ए | 10 नग |
| 76 | ब्रदर लेजर प्रिन्टर कार्टेज 2130 टी एन | 10 नग |
| 77 | ब्रदर लेजर प्रिन्टर ड्रम 2130 डी एन | 10 नग |
| 78 | ब्रदर लेजर प्रिन्टर कार्टेज 2365 टी एन | 10 नग |
| 79 | ब्रदर लेजर प्रिन्टर ड्रम 2365 डी एन | 10 नग |
| 80 | सैमसंग प्रिन्टर कार्टेज MLT-D111S | 50 नग |
| 81 | एच0पी0 लेजर जेट MFP 1005W प्रिन्टर टेंक | 10 नग |
| 82 | एच0पी0 लेजर जेट प्रिन्टर कार्टेज 108A W1110A | 10 नग |
| 83 | एच0पी0 लेजर जेट प्रो प्रिन्टर कार्टेज 3004DW 146A | 10 नग |
| 84 | HP Smart Tank 525 color printer toner, Yollow color | 3 नग |
| 85 | HP Smart Tank 525 color printer toner, pink color | 3 नग |
| 86 | HP Smart Tank 525 color printer toner, Black color | 3 नग |
| 87 | HP Smart Tank 525 color printer toner, Blue color | 3 नग |
| 88 | HP Nevov stop laser MFP 1200 W 104 A | 10 नग |
| 89 | कैनन प्रिन्टर कार्टेज 071 | 10 नग |
| 90 | ओ0एस0पी0 / सी0डी0 मारकर (काला, हरा) | 200 नग |
| 91 | टैग उत्तम किस्म के मिडियम साईज | 50 गुच्छे |
| 92 | प्लास्टिक सुतली उत्तम किस्म के | 50 गोला |
| 93 | धागा उत्तम किस्म का बडा साईज गोला | 20 गोला |
| 94 | पैंसिल कटर | 20 नग |
| 95 | पैंसिल रबर | 20 नग |
| 96 | जिरौक्स फोटो कॉपियर टोनर NL-5928 RC VENLO | 5 नग |
| 97 | पेपर वैट | 50 नग |
| 98 | एच0पी0 प्रिन्टर टेंक टोनर 158 A | 6 नग |
| 99 | एच0पी0 प्रिन्टर टोनर कार्टेज 110 A 4915 | 6 नग |
| 100 | एच0पी0 प्रिन्टर टोनर कार्टेज 1008 A | 4 नग |
| 101 | एच0पी0 प्रिन्टर कार्टेज MFP138PAW | 8 नग |
| 102 | एच0पी0 प्रिन्टर MFP1188W 166A कार्टेज | 4 नग |
| 103 | Canon Image class प्रिन्टर कार्टेज 328 | 4 नग |

## संलग्नक–2

| क0सं0 | सामग्री का नाम | इस कॉलम में निविदादाता द्वारा **Compatible** कार्टेज जिस कम्पनी की उपलब्ध करायी जायेगी उस कम्पनी का नाम अंकित किया जाय |
|---|---|---|
| 1 | एच0पी0 प्रिन्टर कार्टेज 12 ए | |
| 2 | एच0पी0 लेजर प्रिन्टर इंक कार्टेज 4350 DTN42A | |
| 3 | एच0पी0 लेजर प्रिन्टर कार्टेज 104 A | |
| 4 | एच0पी लेजर प्रिन्टर इंक कार्टेज 88 ए | |
| 5 | एच0पी0 लेजरजेट कलर प्रिन्टर कार्टेज 3600 N, Black color | |
| 6 | एच0पी0 लेजरजेट कलर प्रिन्टर कार्टेज 3600 N, Cyan color | |
| 7 | एच0पी0 लेजरजेट कलर प्रिन्टर कार्टेज 3600 N, Magenta color | |
| 8 | एच0पी0 लेजरजेट कलर प्रिन्टर कार्टेज 3600 N, Yollow color | |
| 9 | एच0पी0 इंक प्रिन्टर कार्टेज 18 ए | |
| 10 | एच0पी0 प्रिन्टर ड्रम 19 ए | |
| 11 | ब्रदर लेजर प्रिन्टर कार्टेज 2130 टी एन | |
| 12 | ब्रदर लेजर प्रिन्टर ड्रम 2130 डी एन | |
| 13 | ब्रदर लेजर प्रिन्टर कार्टेज 2365 टी एन | |
| 14 | ब्रदर लेजर प्रिन्टर ड्रम 2365 डी एन | |
| 15 | सैमसंग प्रिन्टर कार्टेज MLT-D111S | |
| 16 | एच0पी0 लेजर जेट MFP 1005W प्रिन्टर टेंक | |
| 17 | एच0पी0 लेजर जेट प्रिन्टर कार्टेज 108A W1110A | |
| 18 | एच0पी0 लेजर जेट प्रो प्रिन्टर कार्टेज 3004DW 146A | |
| 19 | HP Smart Tank 525 color printer toner, Yollow color | |
| 20 | HP Smart Tank 525 color printer toner, pink color | |
| 21 | HP Smart Tank 525 color printer toner, Black color | |
| 22 | HP Smart Tank 525 color printer toner, Blue color | |
| 23 | HP Nevov stop laser MFP 1200 W 104 A | |
| 24 | कैनन प्रिन्टर कार्टेज 071 | |
| 25 | एच0पी0 प्रिन्टर टेंक टोनर 158 A | |
| 26 | एच0पी0 प्रिन्टर टोनर कार्टेज 110 A 4915 | |
| 27 | एच0पी0 प्रिन्टर कार्टेज 1008 A | |

संलग्नक-2

| | | |
|---|---|---|
| 28 | एच0पी0 प्रिन्टर कार्टेज MFP 138PAW | |
| 29 | एच0पी0 प्रिन्टर कार्टेज MFP 1188W 166A | |
| 30 | Canon image class प्रिन्टर कार्टेज 328 | |

संलग्नक-3

# कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल

## (चैक लिस्ट)

| कम सं0 | प्रपत्रों का विवरण | प्रपत्र संलग्न है अथवा नहीं |
|---|---|---|
| 1 | स्थायी आयकर खाता संख्या (PAN) कार्ड की प्रति | |
| 2 | GST के पंजीकरण संख्या की प्रति | |
| 3 | निविदादाता के 03 Assessment year 2023–24, 2024–2025, 2025–26 के आयकर रिटर्न की प्रति | |
| 4 | निविदा प्रपत्र के शुल्क की रसीद/ड्राफ्ट | |
| 5 | धरोहर की धनराशि रू0 64,521=00 (रूपये चौसठ हजार पाँच सौ इक्कीस) | |
| 6 | निविदादाता को केन्द्र सरकार, उत्तराखण्ड राज्य सरकार के मंत्रालयों/विभागों या इनसे सम्बद्ध अधीनस्थ कार्यालयों, सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों, स्वायत्त निकायों में 03 वर्षो में स्टेशनरी लेखन सामग्री आपूर्ति किये जाने के साक्ष्य के रूप में कार्यादेश की प्रति निर्धारित पोर्टल में तकनीकी बिड में अपलोड करनी आवश्यक है। | |
| 7 | तकनीकी निविदा के शर्त संख्या–07 के अनुसार रू0 100=00 (रूपये एक सौ) के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित शपथ पत्र | |
| 8 | वित्तीय वर्ष 2022–23, 2023–24, 2024–25 में रू0 16 लाख (रूपये सोलह लाख) का वार्षिक औसत टर्न ओवर की प्रति | |
| 9 | जी0एस0टी0 सम्बन्धित अदेय प्रमाण पत्र (No Due Certificate) तथा समस्त जी0एस0टी0 सम्बन्धित रिटर्न (Return) जमा होने सम्बन्धी सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र की प्रति | |
| 10 | तकनीकी निविदा के शर्त संख्या–10 के अनुसार रू0 100=00 (रूपये एक सौ) के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित शपथ पत्र | |
| 11 | निविदा फार्म | |
| 12 | निविदा सूचना (प्रत्येक पृष्ठ पर फर्म की मुहर एवं हस्ताक्षर) | |

निविदादाता के हस्ताक्षर

निविदादाता का नाम

निविदादाता का वर्तमान पता

निविदादाता का स्थायी पता

निविदादाता का मोबाइल नम्बर

निविदादाता का ई–मेल आई0डी0

# कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल(उत्तराखण्ड)
# KUMAUN UNIVERSITY, NAINITAL (UTTARAKHAND)

पत्रांकः सा0 / स्टोर / के0यू0 /181 | दिनांक– 19–02–2026

**ई–निविदा सूचना वर्ष 2026–27**

(कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल के मुद्रण तथा लेखन सामग्री क्रय हेतु)

कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल के मुद्रण तथा लेखन सामग्री क्रय हेतु दिनांक 19–02–2026 से 13–03–2026 के प्रातः 11:00 बजे तक पृथक–पृथक ई–निविदाऐं उत्तराखण्ड राज्य की वैबसाइड www.uktenders.gov.in में आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.kunainital.ac.in से प्राप्त की जा सकती है।

कुलसचिव

सा0 / स्टोर / 2026–27 / मुद्रण एवं लेखन सामग्री / | दिनांक– 19–02–2026

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त विज्ञापन को अपने समाचार पत्र में न्यूनतम स्थान 4x6 सेमी0 के कॉलम में निर्धारित तिथि को प्रकाशित कर बिल **10 प्रतिशत** की छूट के साथ दो प्रतियों में समाचार पत्र की प्रति सहित अधोहस्ताक्षरी को प्रेषित करें –

1. सम्पादक हिन्दुस्तान, समाचार पत्र नैनीताल को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त विज्ञापन को अपने समाचार पत्र के उत्तराखण्ड संस्करण में दिनांक 20–02–2026 के अंक में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

कुलसचिव

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।

1. वित्त नियंत्रक, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।
2. कुलसचिव आर0ओ कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।
3. प्रभारी ई0आर0पी0 सैल, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल को इस आशय से प्रेषित कि उक्त निविदा को विश्वविद्यालय वैबसाइड में अपलोड किये जाने हेतु।
4. निजी सचिव कुलपति को माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ।
5. नोटिस बोर्ड।

कुलसचिव